रेल सुविधाओं को लेकर भागीरथ चौधरी की रेल मंत्री से मुलाकात

रेल मंत्री से लंबित परियोजनाओं पर शीघ्र कार्रवाई का मिला आश्वासन।

अजमेर, (कासं)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने संसद के बजट सत्र के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर अजमेर संसदीय क्षेत्र की रेल सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। मुलाकात के दौरान मकराना-परबतसर रेल सेवा को किशनगढ़ तक विस्तारित करने की मांग रखी गई। इस विस्तार से मार्बल और ग्रेनाइट उद्योग को लाभ मिलने के साथ ही अजमेर-पुष्कर क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा अजमेर से सवाई माधोपुर के बीच सुबह 9 बजे नई नमो भारत इंटरसिटी ट्रेन शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें किशनगढ़, फुलेरा, जयपुर, दुर्गापुरा और सांगानेर जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल होंगे।

राजगढ़ धाम में लख्खी छठ मेला, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने लगाई ढोक

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिले के नसीराबाद उपखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री मसाणिया भैरव धाम, राजगढ़ में विशाल छठ मेला हर्षोल्लास, श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश-प्रदेश से लाखों श्रद्धालु बाबा भैरवनाथ और माँ कालिका के दर्शन के लिए पहुंचे। धाम परिसर में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा और भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए।

मेले का शुभारंभ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, चम्पालाल महाराज और सोनादेवी बावरी द्वारा मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण कर किया गया। इसके पश्चात शिक्षा मंत्री ने बाबा भैरवनाथ, माँ कालिका एवं अखंड ज्योति के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कई जनप्रतिनिधियों और विशिष्ट व्यक्तियों ने भी धाम पहुंचकर ढोक लगाई। श्रद्धालुओं ने सर्वधर्म मनोकामना पूर्ण स्तंभ की परिक्रमा कर मन्नतें मांगी और नशा त्यागने का संकल्प लिया। पूरा परिसर बाबा भैरव के जयकारों और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के नारों से गूंजता रहा। देशभर से श्रद्धालु झंडों के साथ जुलूस के रूप में धाम पहुंचे।

मेले का शुभारंभ मदन दिलावर, चम्पालाल महाराज और सोनादेवी बावरी द्वारा मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण कर किया गया।

पोलिथिन मुक्त राजस्थान का लिया संकल्प: शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजगढ़ भैरव धाम एक अनूठा धार्मिक स्थल है, जहां दान, चढ़ावा या प्रसाद की परंपरा नहीं है। उन्होंने नशामुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन को बर्बाद कर देता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से राजस्थान को पोलिथिन मुक्त बनाने और गौसेवा के लिए सहयोग करने का संकल्प लेने का आव्हान किया।

भव्य शोभायात्रा और भजन-कीर्तन से भक्तिमय माहौल: छठ मेले के अवसर पर चम्पालाल महाराज के सान्निध्य में चक्की वाले बाबा मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। एम.एल.डी. कन्या महाविद्यालय केकड़ी की छात्राओं ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। प्रसिद्ध भजन गायिका ज्योति सेनी ने भी बाबा भैरव के भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

■ आस्था का सैलाब उमड़ा, अखंड ज्योति के दर्शन को भक्तों की लंबी कतारें

एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन: मेले में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भैरव, माँ कालिका और अखंड ज्योति के दर्शन किए। मनोकामना पूर्ण स्तंभ की परिक्रमा और चमत्कारी चिमटी प्राप्त करने के लिए भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। रात से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। मेले के दौरान वाहनों की भारी भीड़ के कारण धाम से दो किलोमीटर दूर तक लंबी कतारें लग गईं। ग्राम राजगढ़ में जगह-जगह दुकानें सजीं, जिनका श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद लिया।

नशामुक्ति और बेटी बचाओ का संदेश: चम्पालाल महाराज ने श्रद्धालुओं को नशामुक्ति का संकल्प दिलाते हुए कहा कि नशा समाज और परिवार दोनों को बर्बाद करता है। उन्होंने 'बोतल फोड़ो, नशा छोड़ो, घर जोड़ो' का संदेश दिया। साथ ही बेटियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भ्रूण हत्या रोकने और बेटियों को शिक्षित करने का आव्हान किया।

महासती कौशल्या जी की महाप्रयाण यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकली

अजमेर, (कासं)। श्री रत्न संघ की महासती श्री कौशल्या जी की महाप्रयाण यात्रा मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। आचार्य श्री हीरा चंद्र जी महाराज की आज्ञानुवर्तनी एवं महासती मनोहर कंवर जी महाराज की सुशिष्या रही महासती कौशल्या जी ने 47 वर्षों के संयमित जीवन के बाद देह त्याग किया।

महाप्रयाण यात्रा पुष्कर रोड स्थित स्वाध्याय भवन से प्रारंभ होकर श्मशान स्थल पहुंची, जहां उन्हें पंचतत्व में विलीन किया गया। यात्रा के दौरान ऊंट और घोड़ों पर सवार श्रद्धालुओं द्वारा कौड़ियां और सिक्के उछाले गए, जिन्हें लोगों ने श्रद्धा से एकत्र किया। मार्ग में केसर के छींटे दिए गए और महिलाओं ने नवकार मंत्र व जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कटारिया परिवार के सदस्यों सहित समाज के अनेक प्रमुख व्यक्तियों ने महासती जी को मुखाग्नि दी। महासती जी मूलत: अजमेर की निवासी थीं और महावीर कॉलोनी निवासी अशोक कटारिया की बहन थीं। उन्होंने मात्र 14 वर्ष की आयु में संयम व्रत धारण किया था। महाप्रयाण यात्रा में देशभर के विभिन्न शहरों से आए श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। बुधवार 25 मार्च को सुबह 9 बजे स्वाध्याय भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। महाप्रयाण यात्रा के दौरान ऊँट व घोड़ों पर बैठकर कोडियां और सिक्के उछालें गए जिन्हें रास्ते पर लोगों ने इकट्ठा किया। इस दौरान न केवल श्रावकों बल्कि महिलाओं का भी हुजूम उमड़ पड़ा। रास्ते भर।

महाप्रयाण यात्रा में हजारों श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया।

लोगों को केसर के छींटे दिए गए। महिलाओं ने नवकार मंत्र व जय जयकार के नारे लगाते हुए शमशान स्थल पर जाकर महासती जी को अंतिम विदाई दी। रत्न हितैषी श्रावक संघ अजमेर के मंत्री हेमंत नाहर ने बताया कि महासती कौशल्या जी मूलत: अजमेर की रहने वाली थी। महावीर कॉलोनी में रहने वाले अशोक कटारिया की बहन थी। महासती जी ने चौदह वर्ष की अल्पायु में संयम व्रत ग्रहण किया था। महासती जी की महाप्रयाण यात्रा में अखिल भारतीय रत्न हितैषी श्रावक संघ के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा व महामंत्री सुभाष गुंदेचा विशेष रूप से उपस्थित थे।

■ महाप्रयाण यात्रा पुष्कर रोड स्थित स्वाध्याय भवन से प्रारंभ होकर श्मशान स्थल पहुंची, जहां उन्हें पंचतत्व में विलीन किया गया

मरणोपरांत नेत्रदान कराया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। किशनगढ़ शहर निवासी पावरलूम उधमी प्रकाश जामड़ पुत्र स्व गणेशमल जामड़ के आकस्मिक निधन पर नेत्रदान कराकर पुनित कार्य में भागीदारी सुनिश्चित की। भारत विकास परिषद की प्रेरणा से प्रेरित परिजनों ने दु:खद घड़ी में जरूरतमंद को नेत्र ज्योति उपलब्ध कराने के उदेश्य को लेकर नेत्रदान कराने पर सहमति जताई। जामड़ परिवार से राजेन्द्र, अनिल, विनय, डा.अनिल, राजेश, विवेक, क्षितिज, श्रेय सहित डॉ अशोक जैन ने सहयोग किया। नेत्रदान प्रक्रिया डॉ भरत शर्मा व कुलदीप द्वारा सम्पन्न कराई गई।

सूचना के अधिकार और डीपीसी नियमों पर कार्यशाला सम्पन्न

अजमेर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम एवं विभागीय पदोन्नति समिति के नियमों पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन आज पंचशील स्थित विद्युत भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यशाला की शुरुआत में सचिव प्रशासन सीमा शर्मा ने आरटीआइ से संबंधित अपने अनुभव साझा करके करी। विशेषज्ञों ने साझा किया व्यावहारिक अनुभव: प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में राज्य सूचना आयोग के सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार एवं एचसीएम-रीपा के अतिथि संकाय श्री हनुमान शर्मा ने आरटीआई अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने आरटीआई के प्रावधानों, आवेदनों के निस्तारण, अपील प्रक्रिया एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपायों पर प्रकाश डाला। वहीं, डीपीसी से संबंधित सत्रों का संचालन संयुक्त निदेशक (कार्मिक) आर.के. अरोड़ा द्वारा किया गया। उन्होंने पदोन्नति प्रक्रिया, पात्रता, अभिलेख संधारण एवं व्यावहारिक चुनौतियों के समाधान पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया।

नवरात्रि पर सेवा और संस्कार का संदेश

अजमेर, (कासं)। लायन्स क्लब अजमेर प्रीमियम द्वारा कुन्दन नगर स्थित राजपूत छात्रावास में नवरात्रि के अवसर पर वृहद कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 550 बालिकाओं का पूजन कर उन्हें भोजन पैकेट एवं दक्षिणा प्रदान की गई। डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेंद्र गांधी ने बताया कि क्लब द्वारा वर्ष में दो बार शारदीय और चैत्र नवरात्र में यह आयोजन किया जाता है।

एनईपी क्रियान्वयन में एमडीएसयू की पहल, फैकल्टी वर्कशॉप में उप मुख्यमंत्री ने सराहा प्रयास

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के आधार स्तंभ होते हैं और नीतियों को जमीन पर उतारने में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी के अनुरूप अध्यादेश लागू करने की पहल को सराहनीय बताते हुए इसे प्रदेश के लिए एक उदाहरण बताया।

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने महर्षि दयानंद सरस्वती की महान परंपरा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इस गौरवशाली विरासत को जीवंत बनाए हुए है और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए बैरवा ने कहा कि यह फैकल्टी डेवलपमेंट वर्कशॉप प्रदेश के शिक्षा जगत में एक नई मिसाल है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि एमडीएसयू राजस्थान का पहला विश्वविद्यालय है, जिसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अध्यादेश बनाकर उन्हें संस्थागत रूप दिया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए शिक्षकों से एकजुट होकर कार्य करने का आव्हान किया। बैरवा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समन्वित प्रयास ही देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान की प्रगति और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम और सेमेस्टर प्रणाली लागू की जा चुकी है। साथ ही छात्राओं के लिए आरक्षण, किसानों के बच्चों के लिए शुल्क माफी और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि एनईपी 2020 का सफल क्रियान्वयन सरकार और विश्वविद्यालयों के समन्वय से ही संभव है। उन्होंने एक समान शैक्षणिक ढांचा, क्रेडिट ट्रांसफर प्रणाली और प्रवेश प्रक्रिया में लचीलापन लाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में विभिन्न शिक्षाविदों ने तकनीकी सत्रों के माध्यम से एनईपी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

■ शिक्षक राष्ट्र निर्माण के आधार स्तंभ होते हैं और नीतियों को जमीन पर उतारने में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है

अजमेर में विश्व क्षय रोग दिवस पर जागरूकता रैली निकाली

अजमेर, (कासं)। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर अजमेर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से टीबी रोग के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को संयुक्त निदेशक डॉ. एस.एस. जोधा, सीएमएचओ डॉ. ज्योत्स्ना रंगा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामस्वरूप किरड़िया और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सीएमएचओ कार्यालय से शुरू होकर पुरानी चौपाटी तक पहुंची। इसमें नर्सिंग छात्र-छात्राओं, आशा सहयोगिनियों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया।

अजमेर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से टीबी रोग के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई।

■ स्वास्थ्य विभाग ने टीबी उन्मूलन के लिए किया जनजागरण

100 दिवसीय 'टीबी मुक्त भारत अभियान' का शुभारंभ: विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर 24 मार्च 2026 से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला कलेक्टर ने आमजन से इस अभियान में भाग लेकर टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। सीएमएचओ डॉ. ज्योत्स्ना रंगा ने लोगों से 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराने का आव्हान किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता ने चिकित्सा कर्मियों को अधिक से अधिक संभावित मरीजों की जांच और उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

टीबी उन्मूलन पर कार्यशाला आयोजित, कर्मियों का सम्मान: राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अजमेर के पंचशील स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक डॉ. एस.एस. जोधा ने की। कार्यशाला में विभिन्न चिकित्सा अधिकारियों, आशा सहयोगिनियों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों और सहयोगी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उच्च जोखिम क्षेत्रों में जांच और उपचार पर रहेगा जोर: 100 दिवसीय अभियान के तहत चिन्हित उच्च जोखिम वाले गांवों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे। इनमें 14 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की टीबी जांच, हीमोग्लोबिन, शुगर, रक्तचाप और शरीर भार सूचकांक की जांच की जाएगी। संदिग्ध मामलों में एक्स-रे और बलगम जांच के माध्यम से टीबी की पुष्टि कर मरीजों को नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है।

अक्षत मौर्य बने टॉपर

नसीराबाद,(निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नान्दला का राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष सराहनीय रहा। विद्यालय का कुल परिणाम 78.37 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के छात्र अक्षत मौर्य (पिता: सुरेश चंद मौर्य) ने 86.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान पर सुनयना (पिता: शिवलाल) ने 70.67 प्रतिशत और तृतीय स्थान पर नेहा (पिता: त्रिभुवन) ने 66.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष विद्यालय से कुल 37 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 8 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 17 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी तथा 4 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

NAME CHANGE

I, Vidyawati Devi Mother of Army No.:- 15800331P, Nk, Nitesh Kumar Tiwari Residing at Vill:- Karamha, Po:- Amarpur, Teh:- Darauli, Distt:- Siwan, Bihar, Pin:- 841234 have Change my name from Vidyawati Devi to Vidyavati Devi vide affidavit no. CF 345263 dt 22/03/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Shail Kumar Devi, Mother of Army No.15787481K, Hav (ofc) Mukesh Kumar Singh, Residing at Bindgawa, Bandhu chhapra, Raepur binganwan, Bhojpur, Bihar, 802163 have change my name from Shail Kumar Devi to Shailkumari Devi vide affidavit no. CF 345285 dt 24/03/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, SHRI PAL SINGH is real Father of No-15792296A.HAV(DS) JEHENDRA KUMAR of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO.Shahjahanpur.(UP)242001.have changed my name from SHRI PAL SINGH to SHRIPAL, in my son's army service records.aff-CF 347520.date-23 March 2026.Before Notary Nasirabad court

NAME CHANGE

I, Army No.15344178F, Hav, Dulal Chand Mandal, Residing at Pandit ji conony, Matia, Basirhat, North 24 parganas, W.B.743437 have change my Mother name from Sangeeta Mondal to Sanjita Mandal & my Son name from Rohit Mondal to Rahit Mondal affidavit no. CF345282 dt 23/03/2026 at court campus Nasirabad

आम सूचना

मेरे पिता आसु पुत्र मुकना जाति रेबारी निवासी काचरिया तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का निधन दिनांक 25 दिसम्बर 2000 को निवास स्थान पर हो गया। इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो 7 दिवस में आपत्ति तहसीलदार के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी। प्रार्थी-मोती पुत्र आसु रेबारी

आम सूचना

मेरी मां श्रीमती लाली देवी पत्नी स्व. श्री नोरतमल सेन जाति नायक निवासी लूणकरण बाहेती स्कूल के पीछे राजारेडी मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 30 अगस्त 2024 को मेरे निवास स्थान पर हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया हैं, इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में सम्पर्क करे। प्रार्थीयां-श्रीमती सीता देवी पत्नी ओमप्रकाश पुत्री स्व. श्री नोरतमल सेन

बेदखली विलेख

यह कि मेरे पक्षकारा फलवन्ता देवी पत्नि श्री दूदाराम सिरोया, उम्र 53 वर्ष, निवासी- मु. पोस्ट- लामाना, वाया-खरवा, लामाना, खरवा अजमेर के द्वारा यह बेदखली विलेख निम्न प्रकार निष्पादित किया जा रहा है-

1. यह कि मेरी पक्षकारा के पुत्र बलवीर सिरोया व पुत्रवधू अंतिमा रेगर पत्नि श्री बलवीर सिरोया, पुत्री श्री उगम लाल रेगर निवासी फुलिया कलां, कोठियां, भीलवाड़ा ने लंबे समय से मेरे पक्षकार को मानसिक, शारीरिक व सामाजिक रूप से प्रताड़ित कर हैरान परेशान कर रखा है।

2. यह कि मेरी पक्षकारा एक वृद्धा महिला है, एवं उनके पुत्र और पुत्रवधू उनकी देखभाल नहीं करते हैं। जिससे व्यथित होकर मेरी पक्षकारा के पुत्र बलवीर सिरोया एवं पुत्रवधू अंतिमा रेगर को अपनी संपूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पुत्र एवं पुत्रवधू से अपना रिश्ता समाप्त करती है।

3. यह कि मेरी पक्षकारा के पुत्र बलवीर व पुत्रवधू अंतिमा रेगर द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए मेरी पक्षकारा उत्तरदायी नहीं रहेगी।

भवदीय- विक्रम सिंह, एडवोकेट

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/177122
DATE :- 17.03.2026 रजि बेचना-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/14006 दिनांक-24-03-26

सार्वजनिक सूचना

श्री देवराज जैन पुत्र श्री फूलचन्द जी जैन निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5/लोकाशाह नगर मकान नं. 301 का उत्तरी भाग क्षेत्रफल 75.00 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर विकास कर रिकॉर्ड श्री हरीशचन्द्र काबरा पुत्र श्री गोपीचन्द जी के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा 28.05.1991, 27.11.1992, स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

- आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/177238
DATE :- 17.03.2026 रजि बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/14003 दिनांक-24-03-26

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री विशनदास जी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 6/महावीर गंज गली नं. 03 प्लाट नं. 26 व 27 का भाग प्रा नं. बी क्षेत्रफल 128.88 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड श्री जितेन्द्र करनावट पुत्र श्री भंवरलाल करनावट के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा 28.01.2026 स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

- आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/175306
DATE :- 27.02.2026 रजि बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/14002 दिनांक-24-03-26

सार्वजनिक सूचना

श्री आयुष तापडिया पुत्र श्री सत्यनारायण तापड़िया निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 3/आबादी सेदरिया क्षेत्रफल 244.49 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड श्री देवी किशन साहु पुत्र श्री गेंदालाल साहु के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा 16.01.2026 स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।

- आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित हकत्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर योजना के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या D-468 के आवंटी/अन्तरिति स्व. श्रीमति विमला पत्नी श्री रामगोपाल टांक निवासी, अजमेर की मृत्यु दिनांक 14/02/2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा (पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 01/02/2026) सलंग्न कर मृतक के वारिसान द्वारा निष्पादित हकत्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु मैं नरेन्द्र टांक पुत्र राम गोपाल टांक जाति माली निवासी ई-43 शास्त्री नगर वार्ड नं. 52 अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

-योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की राजस्व ग्राम चौरसियावास योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या सी-58 क्षेत्रफल 108.33 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति पदमचन्द्र जैन पुत्र हगामीलाल जैन निवासी सी-58 लाईनेज क्लब फैन्डस कॉलोनी अजमेर की मृत्यु दिनांक 5/5/2016 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश: 1. श्रीमती मनोरमा जैन पत्नि स्व. पदमचन्द जैन 2. राजेश जैन 3. दिनेश जैन पुत्रगण स्व. पदमचन्द्र जैन 4. रीटा जैन पुत्री स्व. पदमचन्द्र जैन निवासी सी-58 लाईनेज क्लब फैन्डस कॉलोनी अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार 1. श्रीमती मनोरमा जैन पत्नि स्व. पदमचन्द्र जैन निवसी सी-58 लाईनेज क्लब फैन्डस कॉलोनी अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 18/10/2023 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई कार्यवाही स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

-योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बाल कृष्ण कौल नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 894 क्षेत्रफल 252 वर्ग मीटर के आवंटी / नामान्तरित श्रीमती राजेन्द्र कौर पत्नि स्व. अजीत सिंह, निवासी 112, बाल कृष्ण कौल नगर, अजमेर के नाम नामान्तरित किया गया। आवंटी राजेन्द्र कौर की मृत्यु दिनांक 24.09.2013 को हो चुकी है। श्रीमती राजेन्द्र कौर द्वारा श्री प्रीतपाल सिंह पुत्र श्री अजीत सिंह, निवासी 894, बाल कृष्ण कौल नगर, अजमेर, के पक्ष में वसीयतनामा (अपंजीकृत दिनांक 22.07.2013) को निष्पादित किया गया। श्री प्रीतपाल सिंह पुत्र श्री स्व. अजीत सिंह, निवासी 894, बाल कृष्ण कौल नगर, अजमेर, की मृत्यु दिनांक 10.11.2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंगन कर मृतक के वारिसों क्रमश: 1. श्रीमती उत्तम कौर पत्नि स्व. प्रीतपाल सिंह, निवासी 894, बाल कृष्ण कौल नगर, अजमेर, के द्वारा अपना हिस्सा ज़रिये पंजीकृत हक-त्याग पत्र संख्या 202303002107225 दिनांक 03.06.2023 के द्वारा अपने सहहिस्सेदारी श्री सिमरपाल सिंह मल्होत्रा पुत्र स्व. प्रीतपाल सिंह, निवासी लोअर बेनीअसले, एस. बी. आई बैंक के पास, गुरुद्वारा के पीछे, आद्रा, जिला पुरूलिया, पश्चिम बंगाल के पक्ष में निष्पादित किया है। पंजीकृत हक-त्याग पात्र एवं सजरा के आधार उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतु श्री सिमरपाल सिंह मल्होत्रा पुत्र स्व. प्रीतपाल सिंह, निवासी लोअर बेनीअसले, एस. बी. आई बैंक के पास, गुरुद्वारा के पीछे, आद्रा, जिला पुरुलिया, पश्चिम बंगाल द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड संख्या 894, बाल कृष्ण कौल नगर योजना का नामान्त